**प्रेस नोट जनपद फतेहपुर**
**दिनांक 11.08.2025**

## पुलिस मुठभेड़

**थाना धाता पुलिस द्वारा ग्राम डेंडासाही नहर पुलिया के निकट पुलिस मुठभेड़ में ₹25000/- का इनामिया शातिर वांछित अभियुक्त घायल/गिरफ्तार, कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस व मोटर साइकिल सहित 820/- रुपये बरामद।**

**संक्षिप्त विवरण-** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री अनूप कुमार सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर व क्षेत्राधिकारी खागा के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों, माफियाओं तथा वांछित व पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना धाता पुलिस द्वारा गत रात्रि थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डेंडासाही नहर पुलिया के निकट संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चैकिंग दौरान दो पहिया वाहन सवार संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति तेजी से वाहन मोड़कर डेंडासाही नहर पुलिया पटरी की तरफ भागने के प्रयास पर अनियंत्रित होकर गिर गया तथा स्वयं को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से लक्ष्य कर फायर करने लगा कि आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी फायरिंग में संदिग्ध के बायें पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसकी पहचान वांछित अभियुक्त मनोज रैदास उर्फ मनोज पासी पुत्र जिराखन निवासी अंजना कबीर थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर उम्र करीब 25 वर्ष के रूप में हुई। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर , दो अदद जिंदा कारतूस व एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर, एक अदद मोटर साइकिल व 820/- रु बरामद हुए। अभियुक्त मनोज को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। अभियुक्त मनोज रैदास उपरोक्त स्थानीय थाना धाता के अभियोग अ0सं0-91/2025 धारा 303(2) बीएनएस व अ0सं0 93/2025 धारा 303(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त है। अभियुक्त की गिरफ्तारी से अपराध व अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा।

**घायल/गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पताः--**

**1.** मनोज रैदास पुत्र जिराखन निवासी अजना कबीर थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर उम्र करीब 25 वर्ष।

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 17/2023 धारा 380/411/457 भादवि थाना चरवा जनपद कौशाम्बी
2. मु0अ0सं0 28/2023 धारा 307 भादवि व 25 आर्म्स एक्ट थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी
3. मु0अ0सं0 362/2022 धारा 380/457 भादवि थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी
4. मु0अ0सं0 373/2022 धारा 380/457 भादवि थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी
5. मु0अ0सं0 397/2022 धारा 379 भादवि थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी
6. मु0अ0सं0 408/2022 धारा 380/457/411 भादवि थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी
7. मु0अ0सं0 03/2020 धारा 307 भादवि थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी
8. मु0अ0सं0 512/2019 धारा 392/411 भादवि थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी
9. मु0अ0सं0 04/2024 धारा 380/411/413/457 भादवि थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर
10. मु0अ0सं0 274/2023 धारा 379/411/413 भादवि थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर
11. मु0अ0सं0 283/2023 धारा 380/411 भादवि थाना जहानाबाद जनपद फतेहपुर
12. मु0अ0सं0 218/2025 धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना खागा जनपद फतेहपुर
13. मु0अ0सं0 91/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना धाता जनपद फतेहपुर **(वांछित)**
14. मु0अ0सं0 93/2025 धारा धारा 303(2) बीएनएस थाना धाता जनपद फतेहपुर **(वांछित)**

**बरामदगी का विवरणः-**

1. एक अदद मोटर साइकिल
2. एक अदद तमंचा 315 बोर
3. दो अदद जिंदा कारतूस 315 बोर
4. एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर
5. 820 रुपये।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम थाना धाता**

1. थानाध्यक्ष योगेश कुमार थाना धाता जनपद फतेहपुर
2. व0उ0नि0 अनुभव वर्मा
3. उ0नि0 गोविन्द सोनकर
4. उ0नि0 अखिलेश प्रसाद
5. का0 दिलीप कुमार
6. अरविन्द्र त्रिपाठी

**सोशल मीडिया सेल**
**जनपद फतेहपुर**